**Ref:....................** **Date:.........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (30.06.2025)

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
## DATE: 30.06.2025, PAGE-07

### उच्च शिक्षा निदेशालय ने कॉलेज विकास के लिए भेजी फाइल

# कॉलेजों में बनेंगी आईटी लैब, कैंपस होगा वाईफाई

हि एक्सक्लूसिव

■ मृत्युंजय

मुजफ्फरपुर। बीआरए बिहार विवि समेत सूबे के सभी कॉलेजों में आईटी लैब बनाई जाएंगी। साथ ही कैंपस को वाई फाई किया जाएगा। उच्च शिक्षा निदेशालय ने इसके लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। कॉलेजों में आधारभूत संरचना के विकास के लिए उच्च शिक्षा निदेशालय ने योजना तैयार की है।

पिछले दिनों सभी कॉलजों के प्राचार्यों को शिक्षा विभाग बुलाया गया था। इस दौरान उनसे कॉलेजों में किन-किन चीजों की जरूरत है उसके बारे में जानकारी मांगी गई थी। उच्च शिक्षा निदेशायल के अनुसार, कॉलेजों के विकास के लिए वहां अतिरिक्त वर्ग कक्ष बनेंगे और भवनों की मरम्मत का भी काम होगा। उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. एनके अग्रवाल ने बताया कि कॉलेजों के विकास को योजना तैयार कर उसकी फाइल सरकार के पास भेज दी गई है।

- कॉलेजों में बनेंगे अतिरिक्त वर्ग कक्ष, भवन की भी होगी मरम्मत
- पिछले दिनों कॉलेजों से मांगी गई थी उनकी जरूरतों की जानकारी

### चरणबद्ध तरीके के होगा कॉलेजों में काम

उच्च शिक्षा निदेशक का कहना है कि कॉलेजों में विकास के काम चरणबद्ध तरीके से किए जाएंगे। दो से तीन चरणों में इस काम को पूरा किया जाएगा। शिक्षा विभाग का ग्रामीण क्षेत्र के कॉलेजों पर विशेष ध्यान है। ग्रामीण क्षेत्र के कॉलेजों के विकास के लिए वहां के प्राचार्यों से कॉलेजों में किन चीजों की जरूरत है इसकी जानकारी मांगी गई थी। मुजफ्फरपुर से भी मोतीपुर के जीवछ कॉलेज व सकरा के आरसी कॉलेज के प्राचार्यों ने जरूरतें बताई हैं। सकरा कॉलेज में भवन की मरम्मत का प्रस्ताव है। मोतीपुर के जीवछ कॉलेज में अतिरिक्त कक्ष भवन और लैब का प्रस्ताव है।

### आईटी के अलावा दूसरी लैब भी बनाई जाएगी

कॉलेजों में आईटी लैब के अलावा अन्य प्रैक्टिकल लैब भी बनाई जाएंगी। निदेशालय का कहना है कि जिस कॉलेज से जो प्रस्ताव आया है उसे पूरा किया जाएगा। बीआरएबीयू के अलावा दूसरे विश्वविद्यालयों के कॉलेजों से भी कई प्रस्ताव भेजे गए हैं। इन पर भी अमल किया जाएगा। निदेशालय का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों के पास संसाधनों का अभाव है, इसलिए वाहं के कॉलेजों पर विशेष ध्यान दिया गया है।

### एक कॉलेज पर पांच से सात करोड़ का खर्च

निदेशालय के अनुसार एक कॉलेज के विकास पर औसतन पांच से सात करोड़ रुपये खर्च किया जा सकते हैं। सूत्रों ने बताया कि कई कॉलेजों में अलग से परीक्षा हॉल भी बनाने का प्रस्ताव दिया गया है। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में एलएनटी कॉलेज में पांच मंजिला भवन का प्रस्ताव है। सूत्रों ने बताया कि है कि जिन कॉलेजों के भवन जर्जर वहां पहले काम शुरू किया जाएगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:.....................** **Date:...........................**

**DAINIK JAGRAN
MUZAFFARPUR
DATE:30.06.2025
PAGE-06**

## आज जारी होगा वोकेशनल प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के वोकेशनल प्रवेश परीक्षा रिजल्ट सोमवार को जारी होगा। बीआरएबीयू में पहली बार वोकेशनल की प्रवेश परीक्षा हुई है। यह जानकारी विवि की सीसीडीसी प्रो मधु सिंह ने दी। कुलपति से आदेश के बाद प्रवेश परीक्षा का रिजल्ट जारी होगा। वोकेशनल की प्रवेश परीक्षा में 2985 परीक्षार्थी शामिल हुए थे। जुलाई के प्रथम सप्ताह से कक्षा शुरू होने की उम्मीद है। सीसीडीसी की मानें तो एमबीए, पीजीडीसीए जैसे कई विषय में नामांकन के लिए मारा-मारी है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:.........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
## DATE:30.06.2025, PAGE-04

# वोकेशनल कोर्स की प्रवेश परीक्षा का आज रिजल्ट

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू से सोमवार को वोकेशनल कोर्स की प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी किया जाएगा. विश्वविद्यालय की ओर से इसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है. कहा गया है कि सोमवार को इसका परिणाम विवि के वेबसाइट पर जारी किया जाएगा. इसके बाद नामांकन की शेड्यूल जारी किया जाएगा. इस परीक्षा में 2985 छात्र-छात्राएं शामिल हुए थे. स्नातक, पीजी डिप्लोमा और पीजी स्तर के लिए विश्वविद्यालय की ओर से पहली बार संयुक्त प्रवेश परीक्षा आयोजित की गयी है.